तापमान
अधिकतम 38.2 डिग्री
न्यूनतम 20.8 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 20 अप्रैल 2024

11 मंडियों से गेहूं उठान में तेजी लाएं



12 छोटे भाई को मारने के लिए बिहार से लाए थे देसी कट्टे


Farm House
Kothi, Villa के लिये 300 गज के प्लाट
44 फुट चौड़ी सड़के, सीवर व पानी लाइन, बिजली
अधिक जानकारी के लिए इस लिंक पर क्लिक करें : http://www.guptaproperty.in/
मात्र 20 लाख में
NOC ZONE पक्की रजिस्ट्री
M. 8950904219
Gupta Property हिसार रोड NH 9 पर

## शहर में आज

- पंडित नेकीराम शर्मा महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा राष्ट्रीय सम्मेलन 9.30 बजे से
- आंबेडक चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 11.30 बजे से
- रोडवेज कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन जारी रहेगा सुबह 9.30 बजे से
- पीजीआई में डॉक्टर और कर्मचारी काले बिल्ले लगाकर काम करेंगे सुबह 9 बजे से
- नगर निगम द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा सुबह 9 बजे से

## बिजली कट

- सुबह 9 से 12 बजे तक

कमला नगर, शीतल नगर, न्यू विजय नगर, विजय नगर, झज्जर चुंगी, शिवाजी कॉलोनी, काठ मंडी, नया पड़ाव, टेक नगर, जनता कॉलोनी, काठ मंडी रामनगर, जागरण पार्क, हक्कित नगर, सोनू की डेयरी और सरस्वती स्कूल

- सुबह 10 से लेकर दोपहर 2 बजे तक

पुरानी सब्जी मंडी, गुलाब रेवड़ी चौक, चमेली मार्केट, कसाई चोक, इंदिरा मार्केट, बाबरा चौक और केवल गंज

### विगत दिनों निगम कार्यालय में टैक्स ब्रांच का रिकार्ड खंगाला था

# सीएम फ्लाइंग की रेड के बाद टैक्स ब्रांच में फिर एक्शन, 21 कर्मियों का काम बदला

- निगम आयुक्त अजय कुमार के आदेश के बाद हड़कंप
- करीब 17 दिन पहले ही बड़े स्तर पर 23 कर्मचारियों के तबादले किए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम प्रॉपर्टी आईडी रिकार्ड को अपडेट करने के लिए एढ़ी चोटी का जोर लगा रहा है। इसके लिए न केवल वार्डों में कैंप लगाए जा रहे हैं बल्कि टीम को डोर टू डोर भेजने के लिए अभियान शुरू कर दिया गया है। इसी के साथ ही टैक्स ब्रांच में कर्मचारियों की उठापठक थमने का नाम नहीं ले रही है।

निगम आयुक्त अजय कुमार ने करीब 17 दिन पहले ही बड़े स्तर पर 23 कर्मचारियों के तबादले किए थे। इसके साथ ही कई अधिकारियों की जिम्मेदारी बदली गई थी। अब आयुक्त ने दोबारा 21 कर्मचारियों के कार्यभार में फेरबदल किया है। ये दोनों कार्यवाही सीएम फ्लाइंग की रेड के बाद की गई हैं।





सख्ती: निगम आयुक्त अजय कुमार ने जारी किए आदेश

सीएम फ्लाइंग की रेड के बाद नगर निग
टैक्स ब्रांच के 23 कर्मचारियों का तबाद

मेकर व चैकर के हुए तबादले

### इनको दी गई नई जिम्मेदारी

आयुक्त अजय कुमार की तरफ से जारी आदेशों में मेकर के लिए क्लर्क कपिल व हेल्पर के लिए रोजी को वार्ड 1 व 3 की जिम्मेदारी दी गई है। क्लर्क भूपेंद्र और हेल्पर अनिल कुमार को वार्ड 2 व 5 के लिए नियुक्त किया गया है। क्लर्क नरेंद्र व हेल्पर कर्ण को वार्ड 4 व 6 व 11 में नियुक्त किया गया है।

### 7 व 8 के लिए जिम्मेदारी दी गई

क्लर्क आनंद व हेल्पर मुकेश को वार्ड 7 व 8 के लिए जिम्मेदारी दी गई है। नवीन व कुलदीप को वार्ड 9 के लिए नियुक्त किया गया है। संजीत व राकेश को वार्ड 10 के लिए नियुक्त किया गया है। मनोज व नरेंद्र को वार्ड 12 व 13, जतिन व विपिन को वार्ड 14 व 15 के लिए नियुक्त किया गया है। सोनू व दीपक को वार्ड 16, 17 व 20 की जिम्मेदारी दी गई है। राहुल व सुनिल कुमार को 18 व 19, प्रवीन व राजेश को वार्ड 21,22 की जिम्मेदारी दी गई है।

### चेकर के लिए चार अधिकारी नियुक्त

चैकर के लिए जेई विकास शर्मा को वार्ड 1 से पांच तक, 8 और 9 वार्ड दिया गया है। सत्यवर्त को वार्ड 10 से 15 और जेडीटीओ जगबीर सिंह को वार्ड 16 से 22 तक, सुरेंद्र गोयल को वार्ड 6 व 7 की जिम्मेदारी दी गई है।

### इनको पहले वाली जिम्मेदारी मिली

नए आदेशों में चैकर के तौर पर सन्नी देव को वार्ड 6,7,8,9,10,11,13, रवि कुमार को वार्ड 10, 12, 14, 15, 16, 19, 20,21 22 की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि राजीव विज को 1 वार्ड से लेकर 6 वार्ड तक और 17, 18, 21, 22 की जिम्मेदारी दी गई है।

### सीएम फ्लाइंग ने की थी कार्रवाई

विगत दिनों सीएम फ्लाइंग ने नगर निगम कार्यालय में टैक्स ब्रांच का रिकार्ड खंगाला था। दो दिन तक सघन जांच की गई थी। बाहरी और अवैध कॉलोनियों का रिकार्ड चैक किया गया, जिसमें काफी खामिया मिली। कई लोगों के मकान के गज कम करके दर्ज कर दिए गए। जबकि किसी के गज बढ़ा दिए गए थे। इसके अलावा ऐसे लोग भी मिले जो कई दिनों से प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवाने के लिए घूम रहे थे। सीएम फ्लाइंग ने जांच के बाद दो पूर्व जेडीटीओ, यूएलबी चेकर क्लर्क और यूएलबी मेकर के खिलाफ आर्य नगर थाना में शिकायत दी थी। दोनों जेडीटीओ का यहां दूसरे विभागों में स्थानांतरण हो चुका है। मामले की जांच जारी है।

### मेकर को मिली नियुक्ति

मेकर के तौर पर अरविंद को वार्ड 6, 7, 8,9, 10,11, 13, हरकेश को वार्ड 10, 12, 14, 15, 16, 19, 20, 21,22 की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही शशिबाला को वार्ड 1,2,3,4,5,6,17,18, 21 व 22 के लिए नियुक्त किया गया है।


रोहतक। डॉ. जगबीर राठी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित करते हुए कुलपति प्रो. राजबीर सिंह।

## डॉ. जगबीर राठी लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में निदेशक युवा कल्याण पद पर कार्यरत, प्रतिष्ठित संस्कृति कर्मी डॉ. जगबीर राठी को शुक्रवार को विश्वविद्यालय स्थापना दिवस कार्यक्रम में लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। कला और संस्कृति क्षेत्र में उनके मूल्यवान योगदान के लिए डॉ. जगबीर राठी को विश्वविद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने डॉ. जगबीर राठी द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रतिभा को तराशने के निरंतर प्रयासों, विद्यार्थियों में कला के जरिए सामाजिक जिम्मेदारी निर्वहन तथा विश्वविद्यालय समुदाय में वैल्यू एडिशन के कार्यों की सराहना करते हुए प्रशस्ति पत्र साइटेशन तथा शॉल ओढ़ाकर उनको लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा। एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने डॉ. जगबीर राठी को इस अवार्ड से सम्मानित किया।

## सीसर खास में युवक के साथ मारपीट दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

सीसर खास गांव में एक युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दी शिकायत में सीसर खास गांव निवासी मोहित पुत्र राजबीर ने बताया कि वह 24 साल का है और 12वीं तक पढाई की है। रात को पौने 9 बजे वह गांव में जसवंत की किरायाणा की दुकान पर पहुंचा तो वहां पर पहले से ही काला उर्फ दीपक पुत्र चांदी खड़ा था। काला उर्फ दीपक ने उसको गाली दी। इस दौरान वहां पर बबलू पुत्र सोमबीर भी आ गया। जिसने उसके साथ मार पिटाई शुरू कर दी। काला उर्फ दीपक ने उस पर चाकू से उसकी आंख के पास वार किया। झगड़े का शोर सुनकर उसका चाचा कृष्ण वहां पर आ गया। उसके चाचा पर मार पिटाई की गई। उसकी दाहिनी बाजू पर चाकू मारा। गांव के कई व्यक्ति वहां पर आ गए। जिनको देखकर वे मौके से भाग गए। उनको उपचार के लिए महम के सरकारी अस्पताल में दाखिल करवाया गया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित काला उर्फ दीपक और बबलू के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 10 शारीरिक दक्षता परीक्षणों से गुजरा गया

*सभी एथलीट का सुबह सात बजे पंजीकरण किया गया*

# साई रोहतक में 528 एथलीट्स का लिया गया फिटनेस टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण, द्वारा बताए गए दृष्टिकोण के अनुरूप कीर्ति ने पूरे देश में प्रतिभाओं को सामने लाने की यात्रा शुरू की, जो प्रतिभा संपन्न भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। साई रोहतक द्वारा शुक्रवार को आयोजित कीर्ति मूल्यांकन परीक्षण में मुक्केबाजी और हॉकी के विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया। जिसमें 528 एथलीटों का परीक्षण किया गया। इन एथलीटों ने 10 शारीरिक फिटनेस परीक्षणों की एक श्रृंखला से गुजरा गया। जिसमें ऊंचाई, वजन, लचीलापन, शक्ति, गति, चपलता और धीरज जैसे प्रशिक्षण शामिल रहे। इस मौके पर साई के सीईओ सचिन के, एचपीडी साई के





बीसी भट्ट, और अभिषेक मालवीय और साई रोहतक के कोचों और खेल विशेषज्ञ मौजूद रहे। खिलाड़ियों को जलपान भी कार्यक्रम आयोजकों की तरफ से किया गया था।

टेस्ट प्रक्रिया शुरू करने से पूर्व सभी एथलीट का सुबह सात बजे पंजीकरण किया गया। सीईओ सचिन ने कहा कि प्रतिभा की पहचान के लिए रखी गई नींव के साथ, भारत खेलों में उत्कृष्टता के युग की ओर बढ़ने की आकांक्षा रखता है, जिसका लक्ष्य देश की स्वतंत्रता के 100वें वर्ष के जश्न तक खेलों के अमृत काल के सपने को साकार करना है। यह पहल न केवल वर्तमान का जश्न मनाती है, बल्कि देश के लिए खेल के क्षेत्र में एक आशाजनक भविष्य का मार्ग भी प्रशस्त करती है। इस कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7:00 बजे पंजीकरण के साथ हुई। जिसमें इच्छुक एथलीटों जिनकी उम्र 9 साल से लेकर 18 साल तक थी उन्होंने हिस्सा लिया।

### महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने मनाया 49वां स्थापना दिवस, वीसी प्रो. राजबीर सिंह बोले

# शैक्षणिक उत्कृष्टता, उच्च कोटि का शोध केन्द्र बनाने खेल उत्कृष्टता, उन्मुख शिक्षण संस्थान बनाने को अग्रसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलवाने, शैक्षणिक उत्कृष्टता तथा उच्च कोटि का शोध केन्द्र बनाने, खेल उत्कृष्टता, सांस्कृतिक गौरव, सामाजिक सरोकार उन्मुख शिक्षण संस्थान बनाने का भविष्योन्मुखी संकल्प विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने शुक्रवार को एमडीयू स्थापना दिवस समारोह में अपने संबोधन में साझा किया। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि आने वाले समय में ग्लोबल कनेक्टिविटी, कैपेसिटी बिल्डिंग, इनवायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी, स्पोर्ट्स एक्सीलेंस, करिकुलम एनरिचमेंट, क्रिएटिव इनोवेशन पर फोकस रहेगा। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय का प्रयास रहेगा कि ग्रॉस हैप्पीनेस इंडेक्स बढ़ाने पर कार्य किया जाए। वीसी ने कहा कि विश्वविद्यालय ने उल्लेखनीय उपलब्धियों से पिछले वर्षों में प्रगति की है। पर अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है। ऐसे में सामूहिक प्रयासों से विश्वविद्यालय को उत्कृष्टता के नए क्षितिज तक ले जाया जाएगा। टैगोर सभागार में आयोजित इस फाउंडेशन डे कार्यक्रम में कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने भविष्योन्मुखी रोडमैप प्रस्तुत किया। डीन एकेडमिक एफेयर्स प्रो. अनूप सिंह मान ने महर्षि दयानंद सरस्वती के दर्शन, जीवन तथा योगदान एवं विश्वविद्यालय की शैक्षणिक पहल को साझा किया।





कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते हुए वीसी प्रो. राजबीर सिंह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थी।

### छात्रों ने संगीत कार्यक्रम से चार-चांद लगा दिए

कला एवं संस्कृति क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए निदेशक युवा कल्याण डॉ. जगबीर राठी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। टैगोर सभागार में एमडीयू म्यूजिकल बैंड आर्यन की शानदार लाइव प्रस्तुति दी गई। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों ने गीत-संगीत-नृत्य से कार्यक्रम को चार-चांद लगा दिए। कार्यक्रम में मंच संचालन बेहतरीन ढंग से प्रो. दिव्या मल्हान ने किया। कार्यक्रम का संगीतमय समापन डॉ. जगबीर राठी द्वारा प्रस्तुत गीत- आई लव यू एमडीयू से हुआ।

## खबर संक्षेप

### प्रेक्टिकल एग्जाम 25 अप्रैल से 8 मई तक

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की यूजी, पीजी, इंजीनियरिंग, प्रोफेशनल, फार्मेसी व लॉ पाठ्यक्रमों की प्रेक्टिकल परीक्षाएं 25 अप्रैल से 8 मई तक आयोजित की जाएंगी।परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों की प्रैक्टिकल परीक्षाओं की डेटशीट विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध है। विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### पीजीआई से चुराई बाइक, आरोपी काबू

**रोहतक।** पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उसे अदालत में पेश किया गया है। पीजीआईएमएस के थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि गांव बावल जिला रेवाड़ी के राहुल ने शिकायत दर्ज करवाई थी। प्रारंभिक जांच मे सामने आया कि राहुल डेंटल विभाग का छात्र है। 15 अप्रैल को उसने मोटरसाइकिल को यूजी ब्यॉज हॉस्टल के बाहर खड़ी की थी। शाम करीब 6 बजे राहुल वापस आया तो उसे बाइक नहीं मिली। इस मामले में दीपक निवासी चुलियाणा को गिरफ्तार किया गया है।

### नेकीराम कॉलेज में राष्ट्रीय सम्मेलन आज

**रोहतक।** पंडित नेकीराम शर्मा महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन सुबह 9.30 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम में एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह मुख्य अतिथि होंगे।

### ढाबे पर खाना नहीं मिला तो संचालक और कारिगरों से मारपीट

- पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ढाबे वालों को छुड़वाया

**रोहतक।** भिवानी स्टैंड पर ढाबे में खाना नहीं मिलने को लेकर झगड़ा हो गया। झगड़े में ढाबा संचालक और उसके कर्मचारियों से मारपीट की गई। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। दरअसल बाबरा मोहल्ले के तुषार ने भिवानी स्टैंड पर एक होटल कर रखा है। रात को 11.30 बजे वह होटल का काम निपटाकर कारीगरों से खाना बनवा रहा था। तुषार का आरोप है कि इसी दौरान 3 व्यक्ति वहां आए और खाना मांगा। मना करने पर एक व्यक्ति गालियां देने लगा। इसी दौरान तीनों होटल के अंदर घुस गए और लात घुसे से पिटाई की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ढाबे वालों को छुड़वाया।

### डॉक्टरों में रोष | ऑपरेटर की तरह डाटा एंट्री करना मुमकिन नहीं

# पीजीआई के डॉक्टरों ने एमएस को लिखा पत्र, पहले ही काम का बर्डन है, आयुष्मान की डाटा एंट्री नहीं कर सकते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आयुष्मान कार्ड के तहत इलाज करवाने वालों की एंट्री करना गले की फांस बन रहा है। पीजीआईएमएस प्रशासन ने कहा है कि अब एंट्री हर विभाग का एक डॉक्टर ही करेगा। इससे डॉक्टरों में गुस्सा है। सर्जिकल फैकल्टी ने शुक्रवार को चिकित्सा अधीक्षकर को लिखकर दिया है कि सर्जिकल फैकल्टी सूचित करना चाहती है कि डाटा एंट्री का काम लागू नहीं किया जा सकता, क्योंकि विभाग में फैकल्टी पर पहले से ही काम का अत्यधिक बोझ है।

विभाग में फैकल्टी की कमी और अत्यधिक काम के बोझ के कारण काम बंद है। ऐसे में ऑपरेटर की तरह डाटा एंट्री करना मुमकिन ही नहीं है। नोडल अधिकारियों को कंप्यूटर, प्रिंटर और वाई-




फाई जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। बहुत से सर्जिकल रेजिडेंट्स को डिस्ट्रिक्ट रेजीडेंसी प्रोग्राम और सुपर स्पेशलिटी विभाग में तैनात किया जाता है। ऐसे सभी कारणों को देखते हुए डॉक्टरों द्वारा एंट्री नहीं की जा सकती। जैसे पहले व्यवस्था थी उसे वैसे ही चलने दिया जाए।

### पीजीआई के आयुष्मान के करीब 3 करोड़ अटके

बता दें कि पीजीआईएमएस के आयुष्मान के करीब 3 करोड़ रुपये अटके हुए हैं। बताया जा रहा है कि डाटा एंट्री में खामियों के कारण ऐसा हुआ है। अब पीजीआईएमएस प्रशासन ने व्यवस्था की है कि विभागों के डॉक्टर ही आयुष्मान के तहत इलाज करवाने वालों को डाटा फीड करेंगे। लेकिन डॉक्टर इसके खिलाफ हैं। पहले ही 50 प्रतिशत डॉक्टर्स की कमी है और ऐसे में एक डॉक्टर को डाटा एंट्री के लिए लगा देना किसी के गले नहीं उतर रहा।

### ओपीडी के समय में बदलाव के लिए सौपंगे ज्ञापन

पीजीआईएमएस की ओपीडी का समय बदलने की मांग को लेकर कई दिनों से डॉक्टर और कर्मचारी काले बिल्ले लगाकर काम कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री को भी ज्ञापन सौंपा जा चुका है, लेकिन समय में बदलाव नहीं किया जा रहा। अब डॉक्टर और सभी कर्मचारी सोमवार को फिर पीजीआईएमएस प्रशासन से मिलेंगे और समय बदलने की मांच करेंगे। डॉक्टरों और कर्मचारियों की मांग है कि पीजीआई ओपीडी की टाइमिंग को दोबारा 8 से 2 की जाए। फिलहाल ओपीडी का समय 9 से 4 बजे तक किया गया है। इस बीच एक घंटे का लंच भी है। चिकित्सक एसोसिएशन, नर्सिंग एसोसिएशन और गैर शिक्षक कर्मचारी संघ समय बदलने के विरोध में है। सभी के प्रतिनिधियों का कहना है कि सरकार से वे ओपीडी के समय में बदलाव की मांग कर रहे हैं, लेकिन उसके बावजूद अभी तक सरकार की तरफ से उन्हें कोई आश्वासन नहीं मिला है।

## बैंसी के युवक के साथ ऑनलाइन फ्रॉड, दो लाख रुपये ठगे

**महम।** लाखन माजरा थाना क्षेत्र के गांव बैंसी के रहने वाले एक युवक के साथ ऑन लाइन फ्रॉड किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पैसे कमाने का झांसा देकर युवक से करीब 2 लाख रुपए ठग लिए। लाखनमाजरा थाना में पुलिस को दी शिकायत में बैंसी गांव निवासी पवन कुमार पुत्र गुलशन ने बताया कि उसे एक व्हाट्सएप नंबर से कॉल आई। जिसमें उसको बताया गया कि वह पार्ट टाइम काम करके पैसे कमा सकता है। बताया कि उसको गूगल और टेलिग्राम पर काम करना है। बताया कि वह रोजाना 200 रुपए से लेकर 5000 रुपए तक कमा सकता है। उसको एक टॉस्क दिया गया। जिसको उसने पूरा कर दिया। उसके बदले उसको 1500 रुपए प्राप्त हुए। धीरे धीरे उन्होंने उसको पूरी तरह झांसे ले लिया और कुल 1 लाख 99 हजार 137 रुपए अपने खातों में डलवा लिए। उनको पैसे वापस करने के लिए कहा तो उन्होंने उसका खाता फ्रीज कर दिया। साथ ही कहा कि यदि 3 लाख रुपए और डालेंगे तो उसका खाता फिर से चालू कर दिया जाएगा। शिकायतकर्ता पवन कुमार ने बैंकों की डिटेल और मोबाइल नंबर पुलिस को दिए हैं। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



बर्फीले तेंदुए अन्य शेरों व तेंदुओं की तरह गुर्रा नहीं सकते।



घोड़े 17 तरीके से अपना चेहरा हिला या बना सकते हैं जोकि मनुष्यों से सिर्फ 10 ही कम है।

# ग्राफिक डिजाइनर एक प्रचलित करियर ऑप्शन



नालेज

यंगभूमि डेस्क

विद्यार्थी जीवन से ही व्यक्ति को अपने करियर को लेकर चिंता सताने शुरू हो जाती है। हर विद्यार्थी अपने भविष्य को सुरक्षित और उच्च पद पर नौकरी हासिल करके सवारना चाहता है। व्यक्ति के लिए नौकरी हासिल करने की एक इच्छा होती है। वर्तमान समय में लोगों के सामने कैरियर बनाने की बहुत सारे अवसर उपलब्ध होते हैं। करियर बनाने के लिए व्यक्ति अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी रुचि के अनुसार प्रयास करते हुए बेहतरीन करियर बना सकता है। डिजाइन बनने का एक सुनहरा मौका आज के समय में विद्यार्थियों के लिए काफी प्रचलित करियर ऑप्शन माना जाता है।

## कौन होता है ग्राफिक डिजाइनर

ग्राफिक और कला के क्षेत्र में डिजाइन और टाइपोग्राफी का काम करने वाला व्यक्ति ग्राफिक डिजाइनर कहलाता है और यह कला क्लासिक डिजाइनिंग चलाती है। एक ग्राफिक डिजाइनर मुख्य तौर पर इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से और इलेक्ट्रोनिक प्रिंट के माध्यम से विज्ञापन के ग्राफिक बनाने का काम करते हैं। ग्राफिक डिजाइनर जो यूजर इंटरफेस और डिजाइनिंग का भी काम संभालने अपनी भूमिका निभाते हैं। ग्राफिक डिजाइनर आज के समय में भविष्य के लिए एक जबरदस्त उभरता हुआ कैरियर का ऑप्शन माना जाता है। ग्राफिक डिजाइनर बनकर विद्यार्थी अपने भविष्य को संभाल सकता है और आज के डिजिटल दौर में ग्राफिक डिजाइनर की पूछ दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। ग्राफिक डिजाइनर कि जिस प्रकार से जरूरत बढ़ती जा रही है। उस आधार पर हर व्यक्ति ग्राफिक डिजाइनर बनकर अपने भविष्य को बेहतर तरीके से सुरक्षित कर सकता है।

**ग्राफिक डिजाइनर के प्रकार :** ग्राफिक डिजाइनर और जस्टिस डिजाइनिंग का एक क्षेत्र बहुत ही बड़ा है और इसमें अलग-अलग क्षेत्र में उम्मीदवार अपनी इच्छा के अनुसार पढ़ाई कर सकता है और नौकरी हासिल कर सकता है। विद्यार्थी को जिस क्षेत्र में रुचि है। उसी क्षेत्र में विद्यार्थी को ग्राफिक डिजाइनर के सब्जेक्ट का चयन करते हुए डिग्री हासिल करनी चाहिए ग्राफिक डिजाइनर के प्रकार नीचे कुछ इस प्रकार से दिए गए हैं। -पैकेजिंग डिजाइनर, वेब और मोबाइल डिजाइनर, लेआउट और प्रिंट डिजाइनर, ब्रांड और लोगो डिजाइनर।

## जरुरी योग्यता और स्किल

जो उम्मीदवार ग्राफिक डिजाइनर बनना चाहता है। उस उम्मीदवार को टाइम मैनेजमेंट का एक मुख्य ध्यान रखना होता है। टाइम मैनेजमेंट के अनुसार विद्यार्थी या किसी ग्राफिक डिजाइनर को अपने प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करना। जो उम्मीदवार ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए सपना देख रहा है। उस उम्मीदवार के पास एक कम्युनिकेशन स्किल्स होना बहुत ज्यादा जरूरी है। इसके माध्यम से उम्मीदवार अपने ग्राहक के साथ प्रोजेक्ट के बारे में अच्छी तरह से बात कर सकता है और उन्हें प्रोजेक्ट को अच्छी तरह से प्रजेंट टेंशन के जरिए समझा सकता है। इसके लिए उम्मीदवार के पास कम्युनिकेशन स्किल होना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए कई प्रकार के डिप्लोमा और डिग्री कोर्स लेने होते हैं और उसके लिए उम्मीदवार को न्यूनतम शैक्षणिक योगिता के तौर पर 12वीं कक्षा 60 प्रतिशत अंक के साथ पास होना जरूरी है।

**ग्राफिक डिजाइनर के बैचलर कोर्स :** 12वीं कक्षा पास करने के बाद जो उम्मीदवार बैचलर डिग्री ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए करना चाहता है। उन उम्मीदवारों के लिए ग्राफिक डिजाइनर के बैचलर को कोर्स नीचे दिए गए हैं।

- बीएफए इन ग्राफिक डिजाइन
- बी डेस इन ग्राफिक डिजाइन
- बीएससी इन डाटा विजवुएलाइजेशन
- बीए ग्राफिक डिजाइन
- बीए (ऑनर्स) इन ग्राफिक एंड कम्यूनिकेशन डिजाइन

## ग्राफिक डिजाइनर कैसे बनें

ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए उम्मीदवार को नीचे दिए गए निम्नलिखित चलो को फॉलो करना चाहिए। इन चरणों को फोलो करते हुए विद्यार्थी आसानी से ग्राफिक डिजाइनर बन सकता है।

- सर्वप्रथम उम्मीदवार को दसवीं कक्षा के बाद 12वीं कक्षा पास करनी होगी। 12वीं कक्षा में न्यूनतम 60% अंक होना अनिवार्य है।
- अब उम्मीदवार को यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर जाकर एंट्रेंस एग्जाम में आवेदन करना होगा। एंट्रेंस एग्जाम की परीक्षा पास करने के पश्चात आपको कॉलेज मिल जाएगा।
- कॉलेज मिल जाने के बाद डिप्लोमा या डिग्री कोर्स के लिए निर्धारित समय अवधि तक पढ़ाई करते हुए आपको अपनी डिग्री या डिप्लोमा का कोर्स हासिल करना है।
- डिग्री करते समय आपको ग्राफिक डिजाइनर के सिद्धांत को सीखना होगा और ग्राफिक डिजाइनर के सभी सिलेबस को ढंग से पढ़ते हुए डिग्री पास करनी है।
- ग्राफिक डिजाइनर का सही कोर्ट आपको डिग्री लेते समय चयन करना चाहिए। ताकि भविष्य में आपको कोई भी दिक्कत का सामना ना करना पड़े।
- ग्राफिक डिजाइन के पुल के बारे में जानकारी अवश्य जी के सॉफ्टवेयर टूल के माध्यम से आपको बेहतर लेवल की नौकरी आसानी से मिल जाएगी।
- ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए आपको पोर्टफोलियो की प्रैक्टिस करनी चाहिए और आपको अपने स्किल्स को सुधारने का प्रयास करना चाहिए।

**डिप्लोमा कोर्स : ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए आप बैचलर डिग्री या मास्टर डिग्री लेने के अलावा डिप्लोमा कोर्स लेकर भी ग्राफिक डिजाइनर बन सकते हैं।**

- डिप्लोमा इन वेब एंड ग्राफिक डिजाइनिंग
- सर्टिफिकेट इन आर्ट एंड डिजाइन
- सर्टिफिकेट इन ग्राफिक एंड वेब डिवलपमेंट
- ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन ग्राफिक डिजाइनिंग
- ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन इनफोरमेंशन डिजाइनिंग

**टॉप कॉलेज :** भारत में बहुत सारे कॉलेज उपलब्ध है जो आपको ग्राफिक डिजाइनर बनने का मौका देते हैं। लेकिन भारत के टॉप यूनिवर्सिटी की बात की जाए तो भारत की टॉप यूनिवर्सिटी की सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं :

**वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन**
**राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान**
**आर्क कॉलेज ऑफ डिजाइन एंड बिजनेस**
**प्रशांत विद्यालय**
**राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान**

### इससे रोचक और शानदार काम कोई और नहीं

# खूबसूरत नजारों को कैद करने के शौकीन हैं तो फोटोग्राफी में बना सकते हैं करियर

## सेवा के साथ-साथ बेहतर कमाई

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

हर आज के समय में लोगों के लिए अपने सही करियर का चयन करना मुश्किल हो जाता है। व्यक्ति 12वीं कक्षा पास करने के बाद विचलित हो जाता है कि उसे कौन से रास्ते का चयन करते हुए किस लक्ष्य पर पहुंच रहा है। इसके बारे में जानकारी नहीं होती है फोटोग्राफी आज के समय का और भविष्य के लिए एक उभरता हुआ करियर ऑप्शन माना जाता है। तस्वीर के माध्यम से अपने खूबसूरत लम्हों को कैद करना बेहद रोचक होता है और ऐसे में हर व्यक्ति अपने खूबसूरत लम्हों को कैद करने के लिए फोटोग्राफी और फोटोग्राफर की मदद लेते हैं। ऐसे में आप फोटोग्राफर बन कर अपनी सेवा लोगों को दे सकते हैं और बेहतर पैसा कमा सकते हैं। आज के इस आर्टिकल में हम आपको फोटोग्राफर कैसे बने, इसके बारे में विस्तृत जानकारी देंगे।



## कौन होता है फोटोग्राफर

फोटोग्राफर एक काम है, जिसे प्रोफेशन के नाम से भी पहचानते हैं। ऐसा एक्स पार्ट 2 किसी भी विशेष अवसर पर तस्वीर खींचता है,उसे फोटोग्राफर कहते हैं। फोटोग्राफर एक प्रोफेशन के तौर पर बहुत ही ज्यादा लोकप्रिय क्षेत्र माना जाता है। जो उम्मीदवार शुरुआत से ही फोटो को पसंद करते हैं या फोटोग्राफी को पसंद करते हैं तो उन लोगों के लिए यह क्षेत्र जिसमें उम्मीदवार अपना करियर बना सकते हैं। फोटोग्राफी से संबंधित कोर्स करके और कैमरा उपकरणों के बारे में जानकारी हासिल करके व्यक्ति अपने करियर को समा सकता है। क्योंकि फोटोग्राफी के विकल्प दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। भविष्य के लिए भी फोटोग्राफर बनना एक बेहतरीन साबित हो सकता है।

**करियर स्कोप :** जब कोई भी व्यक्ति पढ़ाई करते हुए फोटोग्राफर की उपाधि हासिल कर लेता है। यानी कि डिप्लोमा और डिग्री पूरी करके फोटोग्राफर बन जाता है तो उसके पश्चात उम्मीदवार को कैरियर में जॉब के तौर पर कौन से क्षेत्र में नौकरी मिल जाती है। इसके बारे में सूची नीचे प्रदान कराई गई है।

*फिल्म प्रोडक्शन हाउस, एडवरटाइजिंग एजेंसीज, इंडस्ट्रीयल एंड मीडिया इंस्टीट्यूट, प्रोफेशनल फोटो स्टूडियो, एनजीओ, स्पोर्ट्स, टीवी एंड न्यूज चैनल, न्यूज पेपर एंड मैगजीन, फैशन शो एंड बुटिक्स, इवेंट आर्गेनाइजेशन।*



## फोटोग्राफर बनने के लिए जरूरी योग्यता और स्किल

- *उम्मीदवार के पास फोटो खींचने का एक अद्भुत टैलेंट होना चाहिए उम्मीदवार की नजर एकदम सटीक होनी चाहिए कि किसी भी विशेष मूवमेंट को आसानी से वह कैप्चर कर सकें।*
- *उम्मीदवार के पास एक टेक्निकल स्किल होना भी बहुत ही ज्यादा जरूरी है। जिसके माध्यम से वह अपने कैमरा और फोटो इसको स्टूडियो को बेहतर तरीके से मैनेज कर सके उम्मीदवार के पास सॉफ्टवेयर प्रोग्राम की नॉलेज होना भी बहुत ही ज्यादा जरूरी है।*
- *उम्मीदवार को फोटोग्राफी कला मैं अपने लेवल को बढ़ाने के लिए काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। क्योंकि यहां पर अपने ग्राहक को खुश करना और यूनिक तरीके से फोटोग्राफर के तौर पर जिम्मेदारी निभाना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। आपके पास अनुभव की क्रिएटिविटी होना बहुत जरूरी है।*
- *कम्युनिकेशन स्किल्स हर बिजनेस और और कैरियर के क्षेत्र में बहुत जरूरी होती है। कम्युनिकेशन स्किल्स के माध्यम से ही आप अपने ग्राहक के साथ बेहतर तरीके से बात कर सकते हैं और हर प्रॉब्लम का सलूशन ढूंढ सकते हैं।*
- *फोटोग्राफर के लिए जरूरी डिप्लोमा करने के लिए आपके पास 12वीं कक्षा का सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है। 12वीं कक्षा सर्टिफिकेट नहीं है। तब भी आप प्रैक्टिस कर के फोटोग्राफर बनने के सपने को पूरा कर सकते हैं।*
- *भारत के बाहर की यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेने के लिए आपको एक एंट्रेंस एग्जाम में शामिल होना होता है और उसके पश्चात कि आपको वहां पर उस एंट्रेंस एग्जाम के माध्यम से चयनित किया जाता है।*
- *विश्व की अन्य यूनिवर्सिटी में शामिल होने के लिए भी आपको कार्य अनुभव आना जरूरी है।*

## सैलरी

फोटोग्राफर की कोई भी फिक्स सैलरी नहीं होती है। आपको अपने टैलेंट के आधार पर यहां पैसा कमाना होता है। फोटोग्राफर की अनुमानित सैलरी की बात करें,तो सालाना फोटोग्राफर 5,00,000 से 10,00,000 रुपये आराम से कमा सकता है और अपने टैलेंट और अनुभव के दम पर उम्मीदवार इससे अधिक पैसा भी कमा सकते हैं।



## इस प्रक्रिया का पालन करें

- फोटोग्राफर बनने के लिए सबसे पहले उम्मीदवार को 12वीं कक्षा पास करने के बाद फोटोग्राफी के लिए जरूरी डिप्लोमा लेना होगा।
- डिप्लोमा लेने के लिए विद्यार्थी को सबसे पहले कॉलेज में एडमिशन के लिए आवेदन करना है।
- कॉलेज से पहले उम्मीदवार को कई प्रकार के एंट्रेंस एग्जाम जैसे कि एसओपी, एलओआर, आइलेट, टोफेल, सैट इनमें से किसी भी एक एंट्रेंस एग्जाम में एग्जाम देना होगा और उसके पश्चात आपको कॉलेज मिलता है।
- कॉलेज मिलने के बाद उम्मीदवार को किसी डिप्लोमा का चयन करते हुए उस डिप्लोमा में अच्छे से पढ़ाई करके आपको डिप्लोमा का सर्टिफिकेट हासिल करना है।
- फोटोग्राफी के लिए डिप्लोमा 3 महीने से लेकर 12 महीने की अवधि तक उपलब्ध करवाए जाते हैं।
- इस अवधि के दौरान आप पढ़ाई करके डिप्लोमा की डिग्री हासिल कर सकते हैं।
- डिप्लोमा की डिग्री लेने के बाद आपको प्रैक्टिस पर मुख्य रुप से ध्यान देना होगा। क्योंकि प्रैक्टिस ही इंसान के अनुभव को बढ़ाती है। प्रैक्टिस के बिना आप अधूरे हैं।
- जब आप की प्रैक्टिस अच्छे तरीके की हो जाती है तो उसके पश्चात आप अपने टैलेंट को दुनिया के सामने ला सकते हैं और अब भविष्य में अपने करियर को सक्सेस करने के लिए आपको कई प्रकार के पोर्टफोलियो या फिर सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए अपने टैलेंट और स्किल्स को दुनिया के सामने पेश करना होगा।
- आपके काम को देख कर अधिक से अधिक लोग आप से संपर्क कर सकें और आपकी पहचान बढ़ सके। फोटोग्राफी का काम पहचान पर ही निर्भर होता है।
- फोटोग्राफी के काम में पहचान ही आपको ज्यादा काम दिलाने में मदद करती है।

## डिप्लोमा या डिग्री जरूरी

ऐसे तो बस 15 दिन की ट्रेनिंग के बाद भी उम्मीदवार फोटो खींचने में माहिर हो सकता है। फोटो खींचना इतना मुश्किल काम नहीं है। लेकिन एक प्रोफेशनल फोटोग्राफर बनने के लिए आपके पास डिप्लोमा और डिग्री होना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। प्रोफेशनल फोटोग्राफर बनने के लिए विश्व भर में बहुत सारे ऐसे कॉलेज मौजूद है। जो अलग-अलग प्रकार के डिप्लोमा उपलब्ध करवा रहे हैं। फोटोग्राफी के लिए लोकप्रिय डिप्लोमा कोर्स की जानकारी आप ऑनलाइन भी प्राप्त कर सकते हैं।

**भारत में टॉप कॉलेज :** ऐसे तो भारत में जनसंख्या के आधार पर बहुत सारे कॉलेज उपलब्ध है। लेकिन भारत के टॉप कॉलेज की बात की जाए तो फोटोग्राफी के लिए भारत के टॉप कॉलेज की सूची नीचे कुछ इस प्रकार से दी गई है। दिल्ली कॉलेज ऑफ फ्रोटोग्राफ़ी (नई दिल्ली), द लाइट एंड लाइफ एकेडमी (ऊटी), कॉलेज ऑफ़ आर्ट यूनिवर्सिटी ऑफ़ दिल्ली (नई दिल्ली), मास कम्युनिकेशन रिसर्च सेंटर, जामिया मिलिया इस्लामिया (नई दिल्ली), एशियन एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन (नोएडा), आईआईपी अकादमी, दिल्ली, केएस अकादमी ऑफ़ फ्रोटोग्राफ़िक आर्ट्स, तमिलनाडु, विजुअल आर्ट्स फैकल्टी बीएचयू।

# जीवन में सफलता पाने के लिए शिक्षा के साथ-साथ कौशल भी जरूरी



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

शिक्षा और कौशल, दोनों ही मानव जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आधुनिक युग में, शिक्षा एक महत्वपूर्ण साधन है जो व्यक्ति को समझदार बनाता है, सामाजिक और आर्थिक विकास में मदद करता है, और समाज में साझा ज्ञान को बढ़ावा देता है। हालांकि, कौशल भी उतना ही महत्वपूर्ण है। कौशलों के बिना, शिक्षा की कोई महत्व नहीं होती। कौशल व्यक्ति को वास्तविक जीवन में समस्याओं का सामना करने की क्षमता प्रदान करते हैं, और उन्हें अपने क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने में मदद करते हैं। शिक्षा के बिना भी कौशल से सफलता प्राप्त की जा सकती है, लेकिन कौशल बिना शिक्षा की अधिक विश्वसनीयता होती है।

## हमारी शिक्षा प्रणाली थ्योरी आधारित

एक व्यक्ति जो कुशल हो, वह अपनी शिक्षा के स्तर से ऊपर उठ सकता है और अपने क्षेत्र में मान्यता प्राप्त कर सकता है। इसलिए, समाज को अपने शैक्षिक अनुभवों के साथ-साथ कौशलों को भी प्रोत्साहित करना चाहिए। शिक्षा और कौशल, दोनों का संबंध होना चाहिए ताकि व्यक्ति अपने पूरे पोटेंशियल को प्राप्त कर सके और समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सके। आज की तारीख में, शिक्षा का महत्व और आवश्यकता स्वभाविक रूप से स्वीकार किया जाता है, लेकिन यह उतना ही महत्वपूर्ण है कि छात्रों को अच्छी नौकरी मिलने में सहायक नहीं हो पा रहा है। इस समस्या का मुख्य कारण है कि हमारी शिक्षा प्रणाली अधिकतर थ्योरी पर आधारित है, जिससे छात्रों के पास अच्छे कौशल नहीं होते। वर्तमान में, बड़ी संख्या में छात्र शिक्षा के लिए अधिक प्राथमिकता देते हैं, लेकिन वास्तविक जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कौशलों की भी जरूरत होती है। रोजगार के आधारित मॉडल में, छात्रों को सिर्फ शिक्षा प्राप्त करने की जरूरत नहीं होती, बल्कि उन्हें अपने कौशलों को भी विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। कई बार, छात्रों को अच्छे शैक्षिक योग्यता होने के बावजूद अच्छी नौकरी नहीं मिलती, क्योंकि उनके पास उच्च कौशल नहीं होते। यह शिक्षा प्रणाली की एक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है, जिसमें छात्रों को नौकरी के लिए तैयार नहीं किया जाता है, बल्कि सिर्फ उन्हें पाठ्यक्रम पूरा करने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। इस समस्या का समाधान करने के लिए, हमें अपनी शिक्षा प्रणाली को प्रैक्टिकल और कौशल अनुकूल बनाने की आवश्यकता है। छात्रों को शैक्षिक पाठ्यक्रम के साथ-साथ कौशलों का भी ध्यान देना चाहिए, ताकि वे अपने क्षेत्र में अधिक प्रतिष्ठित बन सकें। इसके लिए, सरकार, शैक्षिक संस्थानों, और उद्यमियों के बीच सहयोग और समन्वय की जरूरत है। रोजगार के आधारित मॉडल में छात्रों को कौशलों का विकास करने के लिए शिक्षा प्रणाली को सुधारने की जरूरत है। यह न केवल उनके भविष्य के लिए बल्कि उनके देश के विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। छात्रों को न केवल शिक्षा में बल्कि उनके कौशलों में भी समर्थ बनाने का माध्यम बनानछात्रों को न केवल शिक्षा में बल्कि उनके कौशलों में भी समर्थ बनाने का माध्यम बनाने के लिए, हमें शैक्षिक पाठ्यक्रम को प्रैक्टिकल और कौशलिक बनाने के लिए कदम उठाने की जरूरत है। यहाँ शिक्षा प्रणाली को अद्यतन करने के लिए विभिन्न उपाय हो सकते हैं, जैसे कि औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम, कौशल विकास कक्षाएं, और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में विशेषाधिकार देना। साथ ही, छात्रों को अधिक व्यावसायिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर भी देना चाहिए, जैसे कि इंटर्नशिप और उद्यमिता के कार्यक्रम।

## नई शिक्षा नीति दे रही उद्यमिता को बढ़ावा

इसके अलावा, सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों को संबंधित उद्योगों के साथ सहयोग करने का अवसर देना चाहिए ताकि छात्रों को अधिक प्रैक्टिकल ज्ञान और कौशल प्राप्त हो सके। इस प्रकार, हम छात्रों को न केवल अच्छी शिक्षा प्रदान करेंगे, बल्कि उन्हें अपने कौशलों का विकास करने में भी सहायता प्रदान करेंगे, जिससे वे समृद्ध और सफल भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने उद्यमिता को कैसे महत्वपूर्ण मानती है, इसे परिभाषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह नीति न केवल शिक्षा के क्षेत्र में परिवर्तन और सुधार की दिशा में कदम बढ़ाती है, बल्कि उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए भी महत्वपूर्ण प्रस्तावों को समेटती है। उद्यमिता न केवल रोजगार सृजन का माध्यम है, बल्कि समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए, राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। पहले तो, नीति ने विद्यार्थियों को उद्यमिता की ओर प्रोत्साहित करने के लिए कई प्रोग्राम और कोर्सों को शामिल किया है। इससे छात्रों को व्यावसायिक दक्षता और कौशल प्राप्त करने का अवसर मिलता है, जिससे वे अपने विचारों को व्यावसायिक धाराओं में परिणत कर सकते हैं। दूसरे, राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने उद्यमिता को समर्थ बनाने के लिए कैरिक्युलम को भी अद्यतन किया है। नये कार्यक्रमों और पाठ्यक्रमों के माध्यम से, विद्यार्थी अपने अनुप्रयोगात्मक कौशलों को विकसित करते हैं, जो उन्हें अपने व्यवसाय में सफलता प्राप्त करने में मदद करते हैं। तीसरे, उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने संस्थानों को उद्यमिता और नई विचारों को प्रोत्साहित करने के लिए उनको सहायक कार्यक्रम और अनुसंधान के लिए साधनों की प्राप्ति के लिए प्रेरित किया है। इससे संस्थानों को छात्रों को उद्यमिता के क्षेत्र में नई और नवाचारी विचारों को विकसित करने का अवसर मिलता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से वह सागर कौन - सा है, जो भू-बद्ध है ?
(ए) लाल सागर
(बी) तिमोर सागर
(सी) उतरी सागर
(डी) अरल सागर

**2.** अफ्रीका महाद्वीप की सबसे बड़ी झील है -
(ए) विक्टोरिया
(बी) न्यासा
(सी) टंगानिका
(डी) चाड

**3.** निम्नलिखित में से कौन - सा युग्म गलत है ?
(ए) ग्रेट बीयर - कनाडा
(बी) मिशिगन - अमेरिका
(सी) ओनेगा - ऑस्ट्रेलिया
(डी) टिटिकाका - पेरू-बोलीविया

**4.** निम्नलिखित में से कौन ईरान की सीमा को स्पर्श करता है ?
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) अरल सागर
(सी) बाल्खश झील
(डी) बैकाल झील

**5.** निम्नलिखित में से किसको 'पर्ल ऑफ़ साइबेरिया' कहा जाता है ?
(ए) बैकाल झील
(बी) ग्रेट वीयर झील
(सी) करदा झील
(डी) लिंकनबर झील

**6.** किस देश की सीमा कैस्पियन झील से नहीं मिलती है ?
(ए) अजरबैजान
(बी) रूस
(सी) यूक्रेन
(डी) तुर्कमेनिस्तान

**7.** टान्ले सेप नाम झील निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है ?
(ए) थाईलैंड
(बी) कम्बोडिया
(सी) इंडोनेशिया
(डी) लाओस

**8.** पृथ्वी पर सबसे गहरा स्थल है -
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) काला सागर
(सी) मृत सागर
(डी) एजियन सागर

**उत्तर** 1.(डी) 2.(ए) 3.(सी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(सी) 7.(बी) 8.(सी)

## खबर संक्षेप



रोहतक। सफाई अभियान चलाते हुए निगम के कर्मचारी एवं पूर्व पार्षद सूरजमल किलोई।

### वार्ड 20 में चलाया विशेष सफाई अभियान

**रोहतक।** नगर निगम की टीम ने वार्ड नंबर 20 में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान कन्हेली रोड डबल फाटक से लेकर विद्या प्रकाश स्कूल तक साफ सफाई करवाई गई। दूसरे चरण में कन्हेली रोड के बचे हुए कार्य को पूरा किया जाएगा। अभियान के दौरान पूर्व पार्षद सूरजमल किलोई, समाजसेवी जसबीर कुमार, निगम के उप सफाई निरीक्षक सुशील कुमार, वार्ड दरोगा शेर सिंह, दरोगा अमित आदि शामिल रहे।

### नवीन जयहिंद निकालेंगे बेरोजगारों की बारात

**रोहतक।** जयहिंद सेना प्रमुख डॉ. नवीन जयहिंद एक बार फिर बेरोजगारों की बारात निकालने जा रहे हैं। इस बार रोहतक की बजाए करनाल की सड़कों पर बेरोजगारों की बारात निकालने का निर्णय लिया है। इसके लिए नवीन ने युवाओं को 20 अप्रैल को करनाल चलने का न्योता दिया है। जयहिंद ने कहा कि पिछले मुख्यमंत्री से जब उनकी मुलाकात हुई थी तो उन्होंने आश्वासन दिया था कि सभी भर्तियां पूरी होंगी।

### श्री सत जीन्दा कल्याणा आश्रम में स्वास्थ्य शिविर

**रोहतक।** श्री सत जीन्दा कल्याणा आश्रम कलानौर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ब्रह्मलीन महंत हेमंत दास की स्मृति में इस कैंप को लगाया गया। गद्दी के महंत खुशहाल दास के नेतृत्व में चिकित्सा शिविर में 300 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई और जरूरतमंद लोगों को दवा भी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर 93 लोगों ने रक्तदान किया।

### रोडवेज कर्मचारियों का धरना दसवें दिन में प्रवेश

**रोहतक।** हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ का धरना दसवें दिन भी जारी रहा। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि आंदोलनरत कर्मियों को तो प्रताड़ित किया ही जा रहा है, साथ ही रोहतक डिपो की ग्रामीण बस सेवा को भी बाधित करने का काम किया जा रहा है।

लोस चुनाव को लेकर साइबर सेल अलर्ट, गलत सूचना पर कार्रवाई

# यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक और व्हाट्सएप ग्रुप पर कड़ी निगरानी

- विज्ञापनों का खर्च भी संबंधित उम्मीदवार के खाते में जुड़ेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन सोशल मीडिया पर नजर जमाए हुए है। साइबर सैल सहित अलग-अलग टीमों प्रशासन की टीम यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक व व्हाट्सएप ग्रुप आदि पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित विज्ञापनों का खर्च भी संबंधित उम्मीदवार या पार्टी के खाते में जोड़ा जाएगा।

लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार अधिकतम 95 लाख रुपये खर्च कर सकता है। इसके लिए उसने अलग से खाता बनाना होगा और चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के बाद एक महीने के अंदर-अंदर अपने चुनाव खर्च का ब्योरा आयोग में जमा कराना होगा। ऐसा न करने वाले उम्मीदवारों को आयोग द्वारा



अजय कुमार, जिला निर्वाचन अधिकारी, रोहतक।

आगामी चुनावों के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

### भ्रामक चुनाव सामग्री का प्रसारण नहीं होगा

उपायुक्त और जिला निर्वाचन अधिय कुमार ने कहा है कि लोकसभा आम चुनाव को पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के दृष्टिगत प्रशासन पूरी तरह से गंभीर है। कोई भी उम्मीदवार व पार्टी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भ्रामक चनाव सामग्री का प्रसारण नहीं कर सकते।

चुनाव के दौरान समाचार पत्र, टेलीविजन व रेडियो की तरह सोशल मीडिया पर भी चुनाव के दौरान प्रचार किया जाता है, जिस पर राशि खर्च होती है। यह खर्च संबंधित प्रत्याशी या पार्टी के खाते में जोड़ा जाता है।

### मीडिया की अहम भूमिका

मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने में मीडिया की अहम भूमिका होती है। मीडिया का कर्त्तव्य केवल खबरें देना ही नहीं है, बल्कि समाज में सौहार्दपूर्ण माहौल को बनाए रखने में अपनी भूमिका अदा करना भी है। समाज में मीडिया की हमेशा सकारात्मक भूमिका रही है। लोकसभा चुनाव को पारदर्शी ढंग से संपन्न करने में भी समाचार पत्र, न्यूज चौनल सहित अन्य सभी सोशल मीडिया से जुड़े लोगों से अपील है कि वे ऐसी कोई भ्रामक प्रचार सामग्री न चलाएं, जिससे आदर्श चुनाव आचार संहिता की उल्लंघना हो।

### जीत का दावा किया तो होगी कार्रवाई

निगरानी टीम को यदि ऐसे वीडियो मिलते हैं जो अपनी खबरों से किसी प्रत्याशी या राजनीतिक दल का एकतरफा जीत का दावा या समर्थन करते हों या जाति, धर्म विशेष के पक्ष में या कोई भ्रामक सामग्री दशार्ते हों, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हों तो उस स्थिति में संबंधित यू-टयूब चैनल चलाने वाले के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। समाचार पत्र या चैनल पर कोई भी विज्ञापन प्रकाशित करवाने से पहले एमसीएमसी कमेटी के माध्यम से अनुमति लेनी जरूरी है, उसी प्रकार से सोशल मीडिया पर दिए जाने वाले विज्ञापन या अन्य प्रसार सामग्री डालने के लिए भी प्रशासन की अनुमति जरूरी है।

### पं. नेकीराम महाविद्यालय में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**रोहतक।** पंडित नेकीराम राजकीय महाविद्यालय में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर अतिरिक्त जिला उपायुक्त वैशाली सिंह रही। उन्होंने युवा सशक्तिकरण की बात की और युवाओं को बताया कि क्यों केवल अच्छी शिक्षा ग्रहण करना ही आपका कार्य नहीं है, आप उस शिक्षा का सही उपयोग देश में और अपने आर्थिक विकास में किस प्रकार करना चाहिए। उन्होंने बताया समय तकनीक और अपनी शक्ति का सदुपयोग कैसे करें। छात्र अपने जीवन को अनुशासन में रहते हुए लक्ष्य प्राप्ति की तरफ बढ़े। कार्यक्रम में सम्मानित मेहमानों के तौर परशमशेर अहलावत पूर्व प्राचार्य तथा डॉ यशपाल गहलोत पूर्व प्राचार्य ने शिरकत की। प्राचार्य डॉक्टर लोकेश बल्हारा व कॉलेज काउंसिल के सदस्यों ने सभी मेहमानों का फूल मालाओं से स्वागत किया। विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रोग्राम भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विभिन्न विधाओं जैसे सांस्कृतिक, एनएसएस, एनसीसी , साइंस एग्जीबिशन तथा परीक्षाओं में प्रथम द्वितीय ,तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

- समय तकनीक और शक्ति का सदुपयोग करने के बारे में दी जानकारी

# स्केटिंग चैंपियनशिप में सोनाक्षी ने जीता सोना



**रोहतक।** खिलाड़ी सोनाक्षी को सम्मानित करते हुए निदेशक कैप्टन सुरेंद्र मोहन शर्मा, प्राचार्य सुरेंद्र सिंह व उप प्राचार्या अंजू मलिक ।

- श्री बाबा मस्तनाथ सैनिक स्कूल में सातवीं की छात्रा है सोनाक्षी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

अस्थल बोहर स्थित श्री बाबा मस्तनाथ रेजिडेंशियल सैनिक विद्यालय की सातवीं कक्षा की सोनाक्षी ने 14 अप्रैल को रोहतक में होने वाले फर्स्ट फिटनेट राइड जिला स्तरीय स्केटिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता। यह प्रतियोगिता इंडस पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई थी। गोल्ड मेडल जीतने पर सोनाक्षी को विद्यालय के प्रागंण में निदेशक कैप्टन सुरेंद्र मोहन शर्मा, प्राचार्य सुरेंद्र सिंह व उप प्राचार्या अंजू मलिक द्वारा स्वर्ण पदक व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। निदेशक सुरेंद्र मोहन शर्मा ने बताया कि सोनाक्षी ने इससे पहले 8 अक्टूबर को राज्य स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता जो जेड ग्लोबल विद्यालय में आयोजित की गई थी में (अंडर 11) में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया था, और गोल्ड मेडल हासिल किया था। राज्य स्तर पर खेलने से पहले सोनाक्षी ने जिला स्तर की प्रतियोगिता मे भी भाग लिया था जो जॉन वेसले विद्यालय में आयोजित की गई थी। वहां भी सोनाक्षी ने जिला स्तरीय अंडर 11 स्केटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया था। निदेशक ने कहा कि सोनाक्षी ने अपने राज्य, माता-पिता और विद्यालय का नाम रोशन किया है और सभी विद्यार्थियों को सोनाक्षी की जीत से प्रेरित होकर आगे बढ़ने के लिए लेने के लिए कहा। कभी भी अपने जीवन में चमत्कार होने का इंतजार मत करो, प्रयास करो और खुद एक चमत्कार बन जाओ।

# कार्यशाला में समाजोपयोगी शोध करने का आह्वान

- अनुसंधान पद्धति पर सात दिवसीय कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के चौ. रणबीर सिंह सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन संस्थान के तत्वावधान में सामाजिक विज्ञान संकाय द्वारा अनुसंधान पद्धति पर आयोजित सात दिवसीय कार्यशाला शुक्रवार को संपन्न हो गई। इस कार्यशाला में 47 शोधार्थियों ने भाग लिया। हिमाचल प्रदेश विवि के पूर्व कुलपति डॉ. डीडी शर्मा ने समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

डॉ. शर्मा ने शोधार्थियों को गुणवत्तापरक समाजोपयोगी शोध करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शोध में विषय चयन को महत्त्वपूर्ण बताया। उन्होंने इस कार्यशाला के आयोजन के लिए एमडीयू को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यशाला के समापन सत्र में सामाजिक विज्ञान संकाय के डीन प्रो. सेवा सिंह दहिया ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा 20 व्याख्यान और अनुभव व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। चौ. रणबीर सिंह संस्थान की निदेशिका प्रो. सोनिया मलिक ने कार्यशाला के बारे में अवगत करवाते हुए शोध विद्वानों की भागीदारी और संवर्धन के बारे में प्रतिक्रिया दी।

कार्यशाला कोऑर्डिनेटर एवं पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. संजीव कादयान ने इस सात दिवसीय कार्यशाला की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यशाला कोऑर्डिनेटर अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार ने समापन सत्र का समन्वयन किया तथा आभार जताया। इस अवसर पर सामाजिक विज्ञान संकायों के विभागों के अध्यक्ष, प्राध्यापकगण, प्रतिभागी शोधार्थीगण उपस्थित रहे।

# बच्चों को गुड व बैड टच की जानकारी दी

- किशोर न्याय अधिनियम के बारे में जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



**रोहतक।** जागरुकता शिविर के दौरान बच्चों को गुड और बैड टच के बारे में जानकारी देते हुए जिला बाल संरक्षण अधिकारी मोनी।

गांव सांघी के सरकारी स्कूल में शुक्रवार को जिला बाल संरक्षण अधिकारी की अध्यक्षता में बाल अधिकारों, पोक्सो एक्ट, बाल विवाह, चाइल्ड हैल्पलाइन 1098, डायल 112 व किशोर न्याय अधिनियम के बारे में जागरूक किया गया। जिला बाल सरंक्षण कार्यालय से संरक्षण अधिकारी मोनी ने जेजे एक्ट व पोक्सो एक्ट के बारे में जानकारी दी। संरक्षण अधिकारी ने जागरूकता शिविर के दौरान बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नाबालिग बच्चियों को यदि कोई गलत नजर से देखता है, तो तुरंत टीचर या माता-पिता को यह बात बतानी चाहिए ताकि आने वाली किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसी किसी भी स्थिति में फसने पर बच्चों को डरना नहीं चाहिए बल्कि ना कहकर या चिल्लाकर अपना बचाव करना चाहिए। आपके आसपास व घर में अपने से छोटे बच्चों को भी इस विषय में जागरूक करने का प्रयास करें ताकि बच्चों को अप्रिय घटना से बचाया जा सके। संरक्षण अधिकारी ने बताया कि अगर आपको कही भी कोई भी बच्चा लावारिस अवस्था में मिलता है तो उस बच्चें से संबंधित सूचना हेल्पलाइन या कार्यालय को जरुर दें। जागरूकता शिविर के दौरान बच्चों को बाल विवाह के बारे में जागरूक किया गया कि आने वाली अक्षय त्रित्या के मौके पर अगर आपको अपने आसपास बाल विवाह संबधी जानकारी मिली तो विभाग तुरंत सूचित करें।

विभाग से अमित द्वारा बाल अधिकार, बाल विवाह व डायल 112 के बारे में व इसे इस्तेमाल करने की जानकारी दी। कोई भी बच्चा 112 पर काल करके भी मदद ले सकता है। यह आपातकालीन सेवा है, जो 24 घंटे काम करती है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से ही समाज में जागरूकता आती है। स्कूली बच्चों में इस तरह के कार्यक्रम इसलिए भी जरूरी है कि बच्चें आसानी से कानूनों की जानकारी ग्रहण कर लेते है।

## न्यूज डायरी

### डीएवी में महात्मा हंसराज का जन्मदिवस मनाया



**रोहतक।** डीएलएफ, कमला नगर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में महात्मा हंसराज का जन्मदिवस मनाया गया। इस दिवस का शुभारंभ हवन द्वारा किया गया। विद्यार्थियों द्वारा भाषण और भक्ति गान प्रस्तुत किए गए। प्रधानाचार्या रिकू वर्मा ने वैदिक परम्परा को निभाते हुए महात्मा हंसराज के जीवन के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया।

### गोशाला के लिए दवाइयां भेंट की



**रोहतक।** व्यायामशाला के प्रधान सुभाष तायल को दवाइयां भेंट करते अशोक गुप्ता।

**रोहतक।** भारत विकास परिषद, रोहतक शाखा वैश्य गोशाला और व्यायामशाला के लिए सुभाष तायल को पीड़ित गायों के लिए को दवाइयों की भेंट की। ये दवाइयां शाखा के सदस्यों के जन्मदिन और शादी की सालगिरह के उपलक्ष्य में भेंट की गई। शाखा के संयोजक अशोक गुप्ता ने बताया कि यहां इस गोशाला में लावारिस व पीड़ित पशुओं की सच्ची सेवा की जाती है।

### वेद मॉडल स्कूल में हुई क्विज प्रतियोगिता




**रोहतक।** क्विज प्रतियोगिता में भाग लेते हुए प्रतिभागी।

**कलानौर।** कलानौर स्थित वेद मॉडल इंटरनेशनल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल द्वारा विभाजित चारों सदनों के होनहार बच्चों ने इस ज्ञान-वर्धक राउंड में सामान्य ज्ञान राउंड से प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। पहले बच्चों में विज्ञान के क्षेत्र में बेहतरीन काम करने का उत्साह देखने को मिला। दूसरे राउंड में प्रसिद्ध वैज्ञानिकों की पहचान के संदर्भ में प्रश्नोत्तरी हुई, जिसमें प्रतिभागियों का जोश देखते ही बनता था। इस प्रतियोगिता में टीम यूक्लिड के समायरा, टीया, लातिका व खुशी ने प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं टीम आवोग्रेडो दूसरे पादान पर रही, जिसमें ऐश्वर्या, योगिता ने भी अपनी छाप छोड़ी जयंत व सहज व प्रधानाचार्या ने विजेताओं को बधाई दी। स्कूल डायरेक्टर ने बताया कि इस विज्ञान के युग में इस तरह की प्रतियोगिता का महत्व और भी बढ़ जाता है।

# कॉलेज छात्रों को नशे से दूर रहने का आह्वान

- युवा वर्ग और ड्रग्स की समस्या पर वाद-विवाद प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

राजकीय महाविद्यालय महम में युवा वर्ग और ड्रग्स की समस्या पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रिंसिपल रोहित कुमार ने किया। उन्होंने महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को नशे और ड्रग्स से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव बताए। युवाओं को तंबाकू, गुटखा व नशीले पदार्थ का सेवन करने के नुकसान की जानकारी दी। कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले समाप्त हो जाता है और उसके परिवार को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। युवा वर्ग में नशा करने के बढ़ती प्रवृति बहुत गंभीर समस्या है। नशे से अपराधों में भी वृद्धि होती है। इसलिए नशे से दूर रहें और खुद की जागरूकता के साथ अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें। प्राध्यापक फुल कवार ने छात्र छात्राओं को नशे के बढ़ते जाल और उसके समाज पर पड़ रहे दुष्प्रभावों के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में 58 छात्र छात्राओं ने भाग लिया जिन्हें 8 टीमों में बांटा गया। कार्यक्रम का संचालन फुल कवार और प्रियंका ने किया। हिंदी विभाग की प्राध्यापिका पिंकी रानी ने मंच संचालन किया।

# सहरावत खाप चबूतरा व भवन का निर्माण शुरू

- भैंसरू खुर्द में जसवंत सिंह ने दान की 1100 वर्ग गर्ज भूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

बाबा सोटे वाले की पावन धरा भैंसरू खुर्द में शुक्रवार को अखिल भारतीय सर्वधर्म सर्वजातीय सहरावत खाप द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर ऐतिहासिक सहरावत खाप चूबतरा एवं भवन निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई। कार्यक्रम की शुरुआत हवन के साथ की गई। इस दौरान कन्या पूजन, भूमि पूजन, नींव की आधारशिला व पौधारोपण का भी आयोजन किया गया। इसके उपरांत प्रसाद वितरण एवं भंडारे का भी आयोजन किया गया। खाप चबूतरा के लिए 1100 वर्ग गर्ज भूमि गांव के दानवीर चौ. जसवंत सिंह सहरावत ने दान की तथा उनके 12 वर्षीय पौत्र देव सहरावत ने एक लाख एक हजार रूपये खाप को दान दिए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने सामाजिक बुराईयों के खिलाफ तथा जल एवं पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने का अभियान चलाने की शपथ ली। देश के 10 राज्यों की सहरावत सरदारी के सभी 100 वर्षीय सहरावत बुजुर्गो को खाप की तरफ से मान प्रधान व दादा की उपाधि से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खाप के राष्ट्रीय संयोजक चौ. संदीप सहरावत बिरोहड़ ने कहा कि खाप चूबतरा एवं भवन निर्माण से ना सर्व समाज के लोगों को खासा लाभ पहुंचेंगा। इसके माध्यम से समाज व राष्ट्र का आगे बढ़ाने की दिशा में बैठकों का आयोजन कर सभी लोग अपने-अपने विचार रख पाएंगे।



**रोहतक।** सहरावत खाप चबूतरा एवं भवन निर्माण कार्य की आधारशिला रखते हुए संयोजक चौ. संदीप।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में निकाली शोभायात्रा

**रोहतक।** कलानौर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में महात्मा हंसराज के जयंती समारोह के उपलक्ष्य में स्कूल के शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में बच्चों ने उत्साह का परिचय देते हुए महात्मा हंसराज के बारे में नारे लगाते हुए यात्रा को पूरा किया। इस शोभा यात्रा में स्कूल के प्राचार्य डॉ विजयपाल ने महात्मा हंसराज के बारे बताते हुए कहा कि डीएवी स्कूल को आगे बढ़ाने में और आर्य समाज की ज्योति को जलाए रखने के लिए, आर्य समाज का वर्चस्व स्थापित करने के लिए महात्मा हंसराज ने अपना बहुत बड़ा योगदान दिया है। इसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। इसके अलावा विद्यालय प्रांगण में भी स्कूल के शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा उनकी जयंती के उपलक्ष्य में एक हवन का आयोजन किया गया।

उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# मंडियों से गेहूं उठान में तेजी लाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

उपायुक्त अजय कुमार ने संबंधितयों को निर्देश दिऐ कि वे मंडियों से गेहूं के उठान की गति को बढ़ाये। मंडियों में प्रतिदिन खरीद सुनिश्चित की जाये ताकि किसानों की फसल की यथाशीघ्र बिक्री हो सके तथा किसानों को निर्धारित अवधि में फसल का भुगतान सुनिश्चित किया जाये। डीसी शुक्रवार को कैंप कार्यालय में रबी खरीद सीजन की संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा कर रहे थे। मीटिंग में सभी उपमंडलाधीशों ने अपने एरिया की मंडियों में फसल खरीद के लिए किए गए प्रबंधों व किसानों को फसल बिक्री में हो रही दिक्कतों के बारे में जानकारी दी। उपायुक्त ने कहा कि वे निर्धारित मापदंडों के अनुसार फसलें खरीदें।




**रोहतक।** अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त अजय कुमार

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

तुरंत आवश्यकता है
लेबर - 50
टैक्टर ड्राईवर - 10
फोरमैन - 4
वेतन: 10 हजार से 20 हजार (प्रति माह) रहना फ्री
M. 7206158000
8950588800
शिव शंकर सैटरिंग स्टोर

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
COMPUTER OPERATOR (F) 4
COMPUTER OPERATOR (M) 4
PHARMACY STAFF 3
CHEMIST SHOP STAFF 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel.:- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE




निःसंतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

## खबर संक्षेप

### मतदाता जागरूकता के लिए क्रिकेट मैच कल

**रोहतक।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से 21 अप्रैल को सुबह 7 बजे प्रशासन व मीडिया कर्मियों के बीच क्रिकेट मैच खेला जाएगा। उपायुक्त और जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि क्रिकेट मैच के लिए झज्जर रोड स्थित रेड बॉल क्रिकेट मैदान का चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि यह मतदाता जागरूकता क्रिकेट मैच 20-20 ओवर का होगा।

### गांव कसरेंटी के स्कूल और मकान में चोरी

**सांपला।** कसरेंटी गांव में रात चोरों ने राजकीय स्कूल व एक मकान को निशाना बनाया और लाखों रुपये का सामान चोरी कर ले ग। पुलिस ने स्कूल संचालक व मकान मालिक वीर सिंह के बयान पर चोरी का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। वीर सिंह ने बताया कि गर्मी का मौसम होने की वजह से वे अपने मकान का दरवाजे खुले छोड़कर सो गए। सुबह आंख खुली तो कमरे में रखी अलमारी का सारा सामान बिखरा हुआ मिला। जब पैसों की जांच की तो उसके 70000 रुपये गायब मिले। राजकीय स्कूल में भी अज्ञात व्यक्ति कंप्यूटर लैब से हजार रुपये के कंप्यूटर बैट्री चोरी कर ली गई। शुक्रवार सुबह जब सफाई कर्मचारी स्कूल पहुंचा तो कमरों के ताले टूटे हुए मिले। घटना की सूचना स्कूल संचालक को दी। स्कूल इंचार्ज स्कूल पहुंचे और देखा तो हजारों रुपये का सामान गायब मिला।

## भैणी में हत्या की वारदात का खुलासा, 3 देसी कट्टे व 106 कारतूस बरामद

# छोटे भाई को मारने के लिए बिहार से लाए थे देसी कट्टे

- आरोपितों को झज्जर के गांव ढाकल से ट्रैक्टर सहित पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जमीन विवाद को लेकर गांव भैणी में अपने ही भाई की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने अजमेर और उसके दो बेटों मोहित व रसूक को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों से 3 देसी पिस्तौल (कट्टा) व 106 कारतूस भी बरामद किए गए हैं। वारदात के लिए आरोपी बिहार से हथियार खरीदकर लाए थे। हत्या के बाद तीनों अपने दो ट्रैक्टर व एक ट्रॉली लेकर फरार हुए थे। उन्हें झज्जर के गांव ढाकल से एक ट्रैक्टर सहित पकड़ा गया है।

बता दें कि 4 मार्च को रूप सिंह निवासी भैणी चन्द्रपाल का झगड़ा अपने भाई के साथ हो गया था। झगड़े में गोली मारकर रूप सिंह की हत्या कर दी गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने जांच शुरू की। रूप सिंह की पत्नी अनिता की शिकायत के आधार पर महम में केस दर्ज किया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि रूप सिंह तीन भाई हैं। रूप सबसे छोटा है और जमीन को लेकर भाइयों का




आपस में विवाद चल रहा है। 4 मार्च को अनिता अपने पति के साथ अपने घर पर थी। तभी अजमेर व उसका बेटा मोहित व रसूक, रूपसिंह के घर हथियार लेकर आए। अजमेर व उसके बेटे ने रूप सिंह पर गोली चला दी। अनिता ने अपने पति का बचाव किया तो धक्का मारकर अनिता को गिरा दिया और दोनों मौके से फरार हो गए।

मामले की जांच एवीटी स्टाफ प्रभारी सतीश को सौंपी गई। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी अजमेर निवासी भैणाचन्द्रपाल व उसके बेटे मोहित, रसुक की तलाश शुरू कर दी। हत्या के बाद वे अपने दो ट्रैक्टर व एक ट्रॉली लेकर फरार हुए थे। एवीटी स्टाफ की टीम ने 16 अप्रैल को छापेमारी करते हुए आरोपी अजमेर मोहित व रसुक को झज्जर के गांव ढाकल से ट्रैक्टर सहित गिरफ्तार किया गया है।

**की जा रही जांच**

पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग के निर्देशानुसार जांच अमल में लाई गई। वारदात 4 मार्च की है और अब तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें झज्जर के गांव से पकड़ा गया है। वारदात के लिए वे बिहार से हथियार खरीदकर लाए थे। उन्हें अदालत में पेश किया गया है।
-संदीप कुमार, उप पुलिस अधीक्षक, महम

### रंजिश में दिया अंजाम

पुलिस जांच में आरोपियों से 3 देसी पिस्तौल व 106 कारतूस बरामद हुए हैं। जांच में सामने आया कि वारदात करने के लिए वे बिहार से अवैध हथियार खरीदकर लाए थे। जमीन के विवाद के कारण आपस में रंजिश थी।

### आईफोन-13 दिलवाने के नाम पर 82 हजार ठगे

**रोहतक।** निगाना के युवक से आईफोन-13 दिलवाने के नाम पर 82 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पुलिस को शिकायत में मुकेश ने बताया कि वह पोस्टर डिजाइन का काम करता है। एक दिन वह अपना इंस्टग्राम चला रहा था। इसी दौरान ऑनलाइन पोस्ट आई और आईफोन-13 बेचने की बात हुई। मुकेश ने ऑनलाइन 26102, 17000, 17051 और 20000 यानी कुल 82153 रुपये पेमेंट कर दी। लेकिन उसे फेन नहीं दिया गया और न ही रुपये वापस किए गए।

### ऑनलाइन काम करने के नाम पर दो लाख ठगे

**रोहतक।** गांव बैंसी के युवक से ऑनलाइन काम दिलवाने के नाम पर करीब दो लाख रुपये ठग लिए गए। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। हुआ यूं कि गांव बैंसी के पवन कुमार के मोबाइल फोन पर एक अन्य नंबर 9608462747 से कॉल आई और पार्ट टाइम काम करने का ऑफर दिया। गूगल ओर टेलिग्राम पर यह काम करना था। पवन को बताया गया कि रोज 200 से लेकर 5000 रुपये कमा सकते हैं। ठगों के बहकावे में आकर अलग -2 अकाउंट से कुल 1 लाख 991 हजार 37 रुपये डाल दिए। जब पवन ने पैसा रिफंड करने के लिए बोला तो उन्होंने टेलिग्राम खाता फ्रीज कर दिया। उसके बाद उन्होंने कोई भी पैसा रिफंड नहीं किया।

### फोन चुराने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की एवीटी स्टाफ टीम ने मोबाइल फोन चोरी करने के मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। एवीटी स्टाफ प्रभारी सतीश ने बताया कि गढ़ी मोहल्ला के आकाश ने शिकायत दर्ज करवाई थी। 17-18 दिसम्बर की रात को मोबाइल चोरी हो गए थे। इसके साथ ही आकाश की जेब से 3 हजार रुपये चोरी हुए मिला। आकाश के पड़ोसी का मोबाइल फोन भी नहीं मिला। इस मामले में आरोपी हिमांशु निवासी फतेहपुरी कॉलोनी को गिरफ्तार किया गया है।



**रोहतक।** जाट कॉलेज में तंबाकू निषेध की शपथ दिलातीं प्राचार्या डॉ. शबनम राठी व उपस्थित शिक्षकगण। फोटो : हरिभूमि

## जाट कॉलेज में दिलाई तंबाकू निषेध की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- सिगरेट और तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक

अखिल भारतीय जाट सूरमा स्मारक महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा निदेशालय के तत्वावधान में तंबाकू निषेध पर एनसीसी वालिंटियर्स व विद्यार्थियों को सिगरेट, बीड़ी व तम्बाकू सेवन न करने और लोगों को इससे होने वाले हानि से जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान कॉलेज प्राचार्या डॉ. शबनम राठी ने कहा कि सिगरेट और तंबाकू का सेवन शरीर एवं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। सिगरेट और तंबाकू उत्पाद के सेवन से हमारा शरीर, कैंसर, टीबी, दिल संबंधी बीमारियां, स्ट्रोक व सांस की बीमारियों से ग्रसित हो जाता है। एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. विवेक दांगी ने कहा कि तम्बाकू का सेवन मनुष्य के स्वास्थ्य पर घातक प्रभाव डालता है। डॉ. दांगी ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए तम्बाकू व इससे बने वस्तुओं से दूर रहना ही बेहतर विकल्प होगा। इस अवसर पर एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. विवेक दांगी, डॉ. रमेश डबास, डॉ. लक्ष्मी, डॉ. नीरा और डॉ. समीर उपस्थित रहे।

### 21 को होगा रक्तदान शिविर का आयोजन

**रोहतक।** श्री पंच परमेष्ठी युवा मण्डल के तत्वावधान में 21 अप्रैल को भगवान महावीर व हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में महा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जैन स्थानक, जनता कालोनी में शिविर का शुभारम्भ जैन संत सुभद्र मुनि महाराज द्वारा मंगल पाठ करके किया जाएगा। युवा मंडल अध्यक्ष विवेक जैन ने बताया कि रोहतक में पंच परमेष्ठी युवा मण्डल का यह 14वां रक्तदान शिविर होगा। इसके लिए सभी युवा सदस्य लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं।जिससे जायदा से जायदा रक्तदान हो सके। सभी सदस्यों को रक्तदाताओं को एकत्रित करने के जिम्मेदारी दी गई है और सोशल मिडिया पर भी इसके लिए प्रचार किया जा रहा है।

## टीजीटी भर्ती परिणाम के लिए पैदल अभ्यर्थी महम पहुंचे, जाएंगे पंचकूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

- कोसली से पंचकूला पहुंचेंगे टीजीटी

एचएसएससी द्वारा शुरू की गई टीजीटी अध्यापक भर्ती का परीक्षा परिणाम जारी करवाने की मांग को लेकर टीजीटी अभ्यर्थी संघर्ष कर रहे हैं। रिजल्ट जारी करवाने की मांग को लेकर टीजीटी ने कोसली से पंचकूला तक पैदल यात्रा शुरू की है। शुक्रवार दोपहर को यह यात्रा महम पहुंची। बहलबा और महम शहर में यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा में महम क्षेत्र के अभ्यर्थी भी शामिल हुए। पैदल यात्रा कर रहे टीजीटी ने बताया कि 7471 टीजीटी अध्यापकों की भर्ती का रिजल्ट निकलवाने की मांग को लेकर सरकार का ध्यान टीजीटी भर्ती की ओर आकर्षित करने के लिए यह यात्रा शुरू की गई है। शुक्रवार को यह यात्रा कलानौर, महम व लाखन माजरा पहुंची। यात्रा का मुख्य उद्देश्य है जल्दी से जल्दी सरकार टीजीटी भर्ती को पूरा करे। इस यात्रा में टीजीटी अभ्यर्थियों के परिवार भी शामिल हैं।

टीजीटी संघ के प्रधान सुरेंद्र रावत ने बताया कि वह टीजीटी अभ्यर्थियों का अंतिम प्रणाम निकलवाने में ज्वाइनिंग के लिए पिछले एक वर्ष से लगातार संघर्ष कर रहे हैं। उनकी सरकार से मांग है कि 23 अप्रैल को सरकार द्वारा कोर्ट में अभ्यर्थियों की अच्छे से पैरवी की जाए। इस संबंध में वह प्रदेश के सभी उपायुक्त के अलावा 35 भाजपा विधायकों व 10 सांसदों को ज्ञापन देकर भर्ती पूरा करने की गुहार लगा चुके हैं। इसके अलावा वे एचएसएससी मुख्यालय के समक्ष भी एक महीने तक धरना दे चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि हरियाणा के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के हजारों पद खाली पड़े हैं। जबकि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 29 फरवरी को 29000 भर्ती पूरे करने का वादा किया था। इस यात्रा में अभ्यर्थियों की मुलाकात गांव के सरपंच व ग्रामीणों से हो रही है और साथ में ग्रामीण क्षेत्र के द्वारा इस पदयात्रा को काफी समर्थन मिल रहा है।

### ये रहे मौजूद

यात्रा का रात्रि ठहराव लाखनमाजरा में होगा। यात्रा में टीजीटी अंकित, वीरेन, वतन, रेनू, देवेंद्र, विजेंद्र, पूनम, रोहित आदि मौजूद थे।



### मॉडल स्कूल की छात्राओं ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निकाली रैली

**सांपला।** मॉडल स्कूल में लोक सभा चुनाव को लेकर वोटरों को जागरूक करने के लिए विद्यार्थियों ने चुनाव का पर्व ,देश का गर्व शीर्षक को लेकर एक रैली निकाली। रैली सांपला के बाजार से होकर स्थानीय बस स्टैंड तक पहुंची। इस रैली में विद्यार्थियों ने अपने हाथों में मतदान करने से संबंधित पोस्टर लिए हुए थे। विद्यार्थियों ने राहगीरों व बाजार में दुकानदारों को वोट जरूर करने के लिये प्रेरित किया। इस रैली का आयोजन विद्यालय में अध्यापिका एकता सांगवान व शारीरिक शिक्षक महाबीर सैनी के नेतृत्व में किया गया। चुनाव का पर्व, देश का गर्व कार्यकम की विधालय प्रिंसिपल निर्मल भारद्वाज ने छात्रों के के प्रयास की सराहना की।

## पहले खुद को सुधारें फिर दूसरों को दें सीख : डॉ. किराड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- राजकीय महिला महाविद्यालय लाखनमाजरा व्याख्यान का आयोजन

राजकीय महिला महाविद्यालय लाखनमाजरा के आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ द्वारा कार्यस्थल पर नैतिकता एवं हरियाणा सिविल सेवा आचार संहिता 2016 पर कार्यशाला के पहले दिन व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें प्राचार्य इंदु सपरा एवं वाणिज्य विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ. सत्य प्रकाश किराड़ ने अपने विचार साझा किया।

प्रिंसिपल सपरा ने इस मौके पर कहा कि प्रत्येक कर्मचारी को कार्यस्थल पर हरियाणा सिविल सेवा नियमों का पालन करना चाहिए स्थल जिससे कार्यस्थल पर माहौल अच्छा बनता है और आपसी संबंध बेहतर बने रहते हैं और संस्था का सर्वांगीण विकास संभव हो पता है कार्यस्थल पर कार्य करने वाले सभी कर्मचारियों को सोशल मीडिया पर कुछ भी अपलोड करते समय संस्था की छवि का ध्यान रखना चाहिए क्योंकि प्रत्येक कर्मचारी अपनी संस्था का प्रतिनिधित्व कर रहा होता है। वाणिज्य विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ. सत्य प्रकाश किराड़ ने कहा कि व्यक्ति को अपने आप को हमेशा सेल्फ करेक्शन मोड में रखना चाहिए। हम सामने वाले के व्यवहार में सुधार लाने से पहले अपने व्यवहार में सुधार लाने का प्रयास करना चाहिए।



**रोहतक।** आयोजित व्याख्यान को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य इंदु सपरा। फोटो : हरिभूमि



**रोहतक।** निगम आयुक्त अजय कुमार अधिकारियों की मीटिंग लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

### नगर निगम आयुक्त ने सफाई कार्यों की समीक्षा के लिए मीटिंग ली

**रोहतक।** नगर निगम आयुक्त अजय कुमार ने कहा है कि हर वार्ड में साफ सफाई का कार्य गम्भीरता के साथ पूरा करवाया जाए। शहर के प्रमुख मार्गों को सुंदर बनाने के लिए अभियान चलाएं जाएं। इसके अलावा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के कार्य में बाधा नहीं आनी चाहिए न ही आमजन को किसी प्रकार की दिक्कत हो। वे कार्यालय में शुक्रवार को निगम के अधिकारियों की मीटिंग ले रहे थे। इस दौरान उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर सफाई की समीक्षा की। उन्होंने सफाई करवाने वाली एजेंसी के अधिकारियों से उनके कामकाज की जानकारी ली। साथ ही सख्त हिदायत दी कि गाड़ियों में जीपीएस लगाना सुनिश्चित किया जाए। हर गली में कूड़ा उठाने के लिए गाड़ी पहुंचनी चाहिए। उन्होंने कहा गलियों में निशान लगाने के कार्य और जीपीएस कार्य को जल्द पूरा किया जाए।

### रोहतक में हरियाणा भाजपा चिकित्सक प्रकोष्ठ की राज्य स्तरीय कार्यशाला

**रोहतक।** हरियाणा भाजपा के चिकित्सक प्रकोष्ठ के राज्य संयोजक डॉ. विजय दहिया ने सभी जिला संयोजकों, सह संयोजकों और राज्य चिकित्सा प्रकोष्ठ के कार्यकारणी सदस्यों की राज्य स्तरीय की। इसमें हरियाणा भाजपा के संगठन महामंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा और राज्य महासचिव डॉ. अर्चना गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने सभी जिलों से आए जिला संयोजकों और सह संयोजकों का आह्वान किया कि वे सभी अपने चिकित्सा के कार्य के साथ-साथ भाजपा की सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों में विकास एवं सामाजिक उत्थान के लिए किए गए कार्यो की जानकारी देते हुए उन्हें राष्ट्र हित में भाजपा के पक्ष में वोट देने के लिए प्रेरित करें। डॉ. विजय दहिया ने बताया कि सभी चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रभारी अपने कार्य क्षेत्र में आम नागरिक के साथ तालमेल रखें। चिकित्सक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. आरके चौधरी ने साथी का स्वागत किया।



**रोहतक।** कार्यक्रम में मौजूद हरियाणा भाजपा के संगठन महामंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा और राज्य महासचिव डॉ. अर्चना गुप्ता।



**रोहतक।** रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए शिविर के आयोजक।

### 41 ने किया रक्तदान, 74 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**रोहतक।** गांव माड़ौधी जाट्यान स्थित ग्राम सचिवालय में जन चेतना फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा रक्तदान उत्सव एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। ट्रस्ट की प्रधान रेनू चहल की अध्यक्षता में यह आयोजन हुआ। कोषाध्यक्ष दर्शना ग्रेवाल ने बताया कि पीजीआईएमएस में रक्त की कमी को देखते हुए रक्तदान उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. सदीप के नेतृत्व में आई टीम ने 58 रक्तदाताओं का पंजीकरण करवाया। इसमें से 17 लोगों को टीम द्वारा अनफिट घोषित कर दिया गया जिसके चलते 41 लोग ही रक्तदान कर पाए। प्रधान रेनू चहल ने बताया कि रोहतक के पॉवर हाऊस चौक स्थित एक निजी अस्पताल के चिकित्सकों की टीम ने 74 लोगों का स्वास्थ्य जांचा और निशुल्क दवा एवं परामर्श उपलब्ध करवाया गया। सचिव पं. लोकेश शर्मा ने कहा कि एक बूंद खून की किसी व्यक्ति की जान बचा सकती है इसलिए रक्तदान कर दूसरे की जिंदगी बचाएं और अपनी नैतिक और मानवीय कर्तव्यों का निवर्हन करें। इस अवसर पर मुख्य रूप से सरपंच अनूप, सरपंच मौसम, डॉ. रीटा शर्मा, रेनू डाबला, अजय खुंडिया, जयदेव, सुनिल आर्य, प्रशान्त खुंडिया, अभय, सुरेन्द्र, रजनी, बिजेन्द्र चहल आदि मौजूद रहे।

## सरकार 10 साल में सुविधाओं की देखरेख तक नहीं कर पाई : दीपेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने शुक्रवार को घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान के तहत बाबरा मोहल्ला मार्केट में डोर-टू-डोर जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने मार्केट में लोगों से मुलाकात की और हाल-चाल जाना। लोगों ने रोहतक शहर में पीने के पानी की सप्लाई की समस्या को लेकर अपनी बात कही और बताया कि रोहतकवासियों को गंदा पानी सप्लाई किया जा है, तो अनेक इलाकों में महीनों से पानी ही नहीं आ रहा है।

बाबरा मोहल्ला, जसबीर कालोनी, श्रीनगर कॉलोनी, सेक्टर 3 समेत रोहतक शहर इस समस्या से त्रस्त है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार आने पर मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी और पेयजल समस्या का पहले की तरह जड़ से समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कांग्रेस सरकार के समय रोहतक के चारों तरफ वाटर टैंक बनवाकर पीने के पानी की समस्या को जड़ से समाप्त किया गया था। लेकिन मौजूदा सरकार 10 साल में मूलभूत सुविधाओं की देख-रेख करने में भी नाकाम साबित हुई है। इस सरकार को आम जनता की समस्या से कोई लेना देना नहीं है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### 6 ट्रॉली सामान नहर में डालने से बचाया

# तीन दिन नहर पर बैठे रहे ताकि पानी गंदा न हो

- सुनो नहरों की पुकार मिशन ने नवरात्रों के तीन दिनों में 40 घंटों तक नहरों पर चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सुनो नहरों की पुकार मिशन के सदस्यों ने नवरात्रों के अंतिम तीन दिनों अष्ठमी, नवमी व दशमी के दिनों में 40 घंटों से ज्यादा नहरों पर खड़े होकर प्लास्टिक, पूजा पाठ की सामग्री, खेतरी व अन्य सामान पानी में डालने से रोककर लोगों को समझाया और लोगों द्वारा इस सामान सौंपने के बाद उचित विधि विधान और गंगा जल छिडककर निर्मालय सामग्री का भूमि विर्सजन किया गया। इससे नहरों के पानी में जाने से बहुत बड़ी मात्रा में प्लास्टिक को रोका गया। इन तीन दिनों में चार पुलों पर 6 ट्रॉली के करीब निर्मालय सामग्री व अन्य सामान एकत्रित हुआ। पिछले दो वर्ष 8 माह की जागरूकता का यह परिणाम निकला कि गत वर्ष 12 ट्रॉली सामान एकत्रित कर निष्पादन किया गया था। सुनो नहरों की पुकार मिशन के मुख्य संरक्षक डॉ. जसमेर सिंह व संरक्षक शिक्षक दीपक छारा ने बताया कि पिछले तीन दिनों से रोहतक के नजदीक दोनों नहरों बीएसबी व जेएलएन पर 16, 17 व 18 अप्रैल को सुबह 6 बजे से रात लगभग 9 बजे तक हाथों में पट्टियां लेकर दिल्ली बाईपास के नजदीक पुल पर, बोहर गांव के पुल पर, सेक्टर-1 के पुल पर व ओमेक्स सिटी के साथ लगते पुल पर लोगों को सामग्री व प्लास्टिक को नहरों में नो डालने को लेकर जागरूक किया। इस अवसर पर मिशन के जेएलएन ब्रांच के एक्सईएन रामनिवास, उनकी पत्नी व बेटी और उनके विभाग से एसडीओ संजीव दहिया व कई अधिकारी व कर्मचारी भी तीनों दिन नहरों पर उपस्थित रहे। इन तीनों दिन डॉ. जसमेर सिंह व संरक्षक शिक्षक दीपक छारा ने अपने संस्थानों से अवकाश लेकर यह सेवा की। इस अवसर पर मिशन के महासचिव मुकेश नैनकवाल, सह सचिव अजय हुड्डा, वरिष्ठ सदस्य डॉ. रविंद्र नांदल, प्रीत सिंह अहलावत, कैप्टन जगबीर, राजबीर मलिक, रणबीर मलिक, एक्सईएन करण सिंह अहलावत, सतबीर छिकारा, वेदपाल नैन, साहब सिंह, निर्मल पन्नू, मिथिलेश, मीनू सिंह, राहुल फौगाट, विद्यार्थी जतीन मलिक, अपराजित, अंशु नांदल, रोहित राठौर, कमल, वीरेंद्र, लेखा, कृष्णा, निधि, शिखा, कुमकुम हार्दिक हुड्डा मौजूद रहे।



**रोहतक।** श्रद्धालुओं द्वारा रखे गए विभिन्न प्रकार के सामान का निष्पादन करते सुनो नहरों की पुकार मिशन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### सम्मनित भी किया

हरियाणा भूतपूर्व सैनिक संघ की ओर से जल स्वच्छता का यह कार्य करने पर नहरों पर आकर मिशन के सदस्यों को सम्मानित किया। जिसमें कैप्टन बलवान सिंह अहलावत, कैप्टन जगबीर मलिक, हवलदार शीलकराम, हवलदार नरेंद्र सिंह, हवलदार नरेश शर्मा, हवलदार धर्मबीर खटखड़ पहुंचे।